पत्रांक–04 / NULM–10 / 2018 – /न0वि0एवंआ0वि0

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

विशेष सचिव–सह–निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवा में,

नगर आयुक्त,
नगर निगम, छपरा।

पटना, दिनांक–

विषयः– **नगर निगम, छपरा में प्रस्तावित वेंडिंग जोन निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति।**

प्रसंगः– **आपका पत्रांक–1522 दिनांक–17.11.2018**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संदर्भ में कहना है कि आपके द्वारा मजहरूल चौक से महमूद चौक तक वेंडिंग जोन निर्माण के प्रस्ताव पर रू0 4030200.00 (चालीस लाख तीस हजार दो सौ रू0 मात्र) का तकनीकि स्वीकृति प्रदान किया गया है। वर्णित स्थल पर वेंडिंग जोन निर्माण हेतु प्राक्कलित राशि रू0 4030200.00 (चालीस लाख तीस हजार दो सौ रू0 मात्र) के व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. योजना के कार्यान्वयन हेतु राशि रू0 4030200.00 (चालीस लाख तीस हजार दो सौ रू0 मात्र) DAY-NULM के बैंक खाता से PFMS/RTGS के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा।
3. योजना के कार्यान्वयन हेतु सभी आवश्यक एवं वांछित औपचारिकता (Land owing agency से NOC सहित) पूर्ण करते हुए छह माह के अंदर नगर निगम, छपरा द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण कराया जायेगा।
4. कार्य का अनुश्रवण नगर आयुक्त, नगर निगम, छपरा / कार्यपालक अभियंता / कनीय अभियंता, बुडको, छपरा नगर निगम क्षेत्र एवं PMC-NULM के प्रतिनिधि द्वारा किया जायेगा।
5. निर्माण कार्य में मानक गुणवत्ता का पालन अवश्य किया जायेगा।
6. कार्य समाप्ति के पश्चात व्यय की गयी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र एक माह के अंदर अवश्य उपलब्ध कराया जायेगा।
7. योजना के प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का तकनीकि एवं प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त है।

अनुलग्नक–प्राक्कलन की संशोधित मूल प्रति।

विश्वासभाजन,
ह0 / –
विशेष सचिव–सह–निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक–04 / NULM–10 / 2018– 328 /न0वि0एवंआ0वि0, दिनांक– 01/02/19

प्रतिलिपि :–महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार / जिला पदाधिकारी, छपरा / अपर सचिव–सह–उप निदेशक / प्रधान सचिव के आप्त सचिव / माननीय मंत्री के आप्त सचिव / लेखापाल, बुडा / टीम लीडर, PMC-NULM, नगर विकास एवं आवास विभाग / कार्यपालक अभियंता / कनीय अभियंता, बुडको, छपरा नगर निगम क्षेत्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30.1.19

विशेष सचिव–सह–निदेशक।